**प्रवेशोत्सव** जिले में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ नए सत्र की शुरुआत

# तिलक लगाकर हुआ नन्हें विद्यार्थियों का स्वागत





**नवभारत,जबलपुर।** नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन जिलेभर के स्कूलों में 'स्कूल चलें हम अभियान' के तहत प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हर स्कूल में रंगोली, सजावट और स्वागत गीतों के बीच नवप्रवेशी बच्चों का अभिनंदन किया गया। बच्चों के चेहरे पर नई किताबों और नए सपनों की चमक साफ नजर आई। रंग-बिरंगे बैग, नई यूनिफॉर्म और हाथों में किताबें लिए बच्चे जब स्कूल परिसर में दाखिल हुए तो माहौल खुशियों से भर उठा। तिलक, तालियों और मुस्कान के बीच शिक्षा के नए सफर की यह शुरुआत यादगार बन गई।

### मॉडल स्कूल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

जिला मुख्यालय स्थित पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज और कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर और नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें देकर स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी,भोपाल से आये प्रभारी अधिकारी राजेश बरसैया, डीपीसी योगेश शर्मा, एडीपीसी गौतम बर्वे, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, प्रोग्रामर पारुल राय, प्राचार्य मॉडल स्कूल, एपीसी मोनिका लकरा, बीआरसी आशीष श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्रों का सम्मान और बालिकाओं को साइकिल वितरण



कार्यक्रम में एनएमएमएस परीक्षा तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरित कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन दिया गया। सम्मान पाकर छात्रों में खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

# संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमरै हनुमत बलबीरा

▶ हनुमान मंदिरों में भक्तिमय माहौल, श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़

**नवभारत,जबलपुर।** संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमरै हनुमत बलबीरा, भक्तों के संकट काटने वाले प्रभु श्री हनुमान जी का प्रकट उत्सव आज पूरे संस्कारधानी में बड़े ही भव्य और भक्तिमय रूप से मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर में जगह-जगह आयोजन की तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। हनुमान मंदिर में दो- तीन दिन पहले से ही हनुमान जी के प्रकट उत्सव को लेकर आयोजन शुरू हो चुके हैं। आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के मुख्य मंदिरों में सुबह से ही पूजन- अर्चन के साथ भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी। शहर के रानीताल हनुमान मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। रामायण पाठ और सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया है ।

### नौदरापुल हनुमान मंदिर में रामचरितमानस के अखंड पाठ

नौदरापुल स्थित श्री हनुमान मंदिर में हनुमान प्रकट्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को रात्रि 7:30 बजे श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ से हुई। आज प्रात: 4:30 बजे भगवान हनुमान का अभिषेक, 5:30 बजे जन्म आरती एवं 5:45 बजे मंत्रोच्चार के साथ प्रकट्योत्सव व विशेष पूजन सम्पन्न होगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए दर्शन-आशीर्वाद तथा सुबह 6:30 बजे से प्रसाद भंडारे का आयोजन रहेगा। सायंकाल 7 बजे मानस पाठ का हवन, नित्य आरती एवं महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



हनुमान मंदिर कोतवाली बाजार



रानीताल स्थित हनुमान मंदिर

### हनुमान बाग धाम गढ़ा में त्रिदिवसीय आयोजन

श्री अवधेशेश्वर राजा राम मंदिर हनुमान बाग धाम में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत श्री हनुमान महाभिषेक, एक कुंडी महायज्ञ और रात्रि 8 बजे महा आरती एवं महाभोग से होगी। धर्म विभूषण पंडित बृजेश महाराज , हनुमान बाग धाम के संस्थापक एवं संरक्षक ने बताया कि वर्ष भर हनुमान जी के चरणों में अर्पित सभी श्रीफलों की आहुति जन्मोत्सव के दिन कुंडी महायज्ञ में की जाएगी। अपराह्न साढ़े चार बजे पूर्णाहुति सम्पन्न होगी।

### मंदिर परिसर रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजा

शहर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धार्मिक माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। जहां मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जा रहा है, वहीं सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन भी शुरू हो चुका है। मंदिर समिति के अनुसार, हनुमान जयंती के दिन विशेष आरती, महाप्रसाद वितरण और भव्य झांकी निकाली जाएगी।

### इनका कहना है



यहां भक्तों की अर्जी लगती है और हनुमान दादा उनकी मनोकामनाएं पूरी करते है। आज दिनभर धार्मिक- सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा वितरण , महाआरती एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया है ।

**पं. पवन कुमार दुबे ( रानीताल हनुमान मंदिर )**



मैं हर मंगलवार शनिवार को हनुमान मंदिर आती है । इन्होंने बताया कि रानीताल के हनुमान मंदिर में मांगी गई इनकी सारी इच्छाएं पूर्ण हुई है ।

**अर्चना, श्रद्धालु**

## एक नज़र में



### दिव्यांग बच्चों को मिली गर्मी से राहत

**नवभारत, जबलपुर।** विकलांग सेवा भारती, स्नेह नगर में सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर जॉइंट्स क्लब जबलपुर द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमेरिका से आए अंशुमन श्रीवास्तव ने दिव्यांग बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर भेंट किया। कार्यक्रम में मिताली बनर्जी, आशीष कपूर, नितिन नारंग, गुरमीत, मनीष पोपली एवं प्राचार्य राकेश शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के साथ समय बिताकर उनकी प्रतिभाओं को सराहा और भोजन वितरण भी किया। अंत में संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया।



### जनेकृविवि में 8 को होगा कृषि मंथन कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में नीति से सृद्धि की ओर किसानों के लिए प्रौद्योगिकी, कौशल और बाजार की जानकारी का एकत्रीकरण विषय पर राज्य स्तरीय विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यआतिथ्य एवं केबिनेट मंत्री एदल सिंह कंषाना, माननीय केबिनेट मंत्री राकेश सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति जनेकृविवि डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा की उपस्थित्ति में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर और कुलपति ने सभी अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम करने और कार्यक्रम को सफल बनाने संबंधी उचित दिशा-निर्देश दिए। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्येश्य यह है कि किसानों के लिए प्रौद्योगिकी, कौशल और बाजार संबंधी जानकारी को एकत्रित करना हैं। ताकि कृषि का रोडमेप बनाया जा सके और किसानों को नई-नई तकनीकों की जानकारी सुगमता से प्राप्त हो सके। पूरे कार्यकम में 4 तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। जिसमें राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस कार्यशाला में प्रगतिशील किसान, स्टार्टअप और उद्यमी, शोधार्थी, वैज्ञानिक, एनजीओ आदि शामिल होंगे। बैठक में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव सहित अधिकारी उपस्थित रहे।



### अजय और अमर सिंह हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय शक्ति भवन में दो वरिष्ठ अधिकारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। सिविल संकाय के विशेषज्ञ अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय पांडे 43 वर्षों की लंबी और सराहनीय सेवाओं के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके साथ ही अधीक्षण अभियंता अमर सिंह भी 36 वर्षों का सेवाकाल पूर्ण कर विभाग से कार्यमुक्त हुए। इन दोनों अनुभवी इंजीनियरों ने अपने कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल और एमपी ट्रांसको में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी सहित मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी और सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दोनों अधिकारियों के योगदान की सराहना की।

# रामलला मंदिर में होगी सवा लाख नारियल की आहुति



**नवभारत,जबलपुर।** सिद्धपीठ श्री रामलला मंदिर ग्वारीघाट जबलपुर में बजरंग महाप्रभु श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सवआज यानी 2 अप्रैल गुरूवार को धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंदिर के गुप्त गर्भगृह में विराजित श्री हनुमान जी के अतिप्राचीन बाल विगृह स्वरूप को सार्वजनिक पूजन के लिए मंदिर के बाहर पूजन मंडप मे स्थापित किया जाएगा। इस पावन प्रतिमा के दर्शन पूजन का लाभ प्रतिवर्ष मात्र एक दिन ही प्राप्त होता है मंदिर के महंत इंद्रभान, रामबहादुर, शिवकुमार, डॉ. सुशील, कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि वर्षभर मनोकामना पूर्ति हेतु एकत्र किये गये सवा लाख नारियल की आहूती मंदिर प्रांगण स्थित हवन कुंड में आहूती भक्तों द्वारा दी जाएगी। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रात: 7:30 बजे हनुमान महाप्रभु का षोडवोपचार पूजन, सामुहिक हनुमान चालीसा, विशाल भंडारा, भजन संध्या तत्पश्चात् महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक रामानुज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रमोद तिवारी, अखिलेश तिवारी ने सभी शहरवासियों एवं भक्तजनों से रामलला मंदिर स्थित अति प्राचीन श्री हनुमान बाल विग्रह के दर्शन लाभ लेने की अपील की है। विदित हो कि मंदिर के साबूत जोड़ा नारियल की मंदिर स्थित हवन कुंड में आहूती देने से मनोकामना पूर्ण होती है तथा समस्त कष्टों से भक्तजनों को राहत मिलती हैं।

### ओएफके ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित 2417 करोड़ रुपये के उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए 2450 करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन कर ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। इस उपलब्धि के पीछे संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सभी सहयोगी इकाइयों के सामूहिक प्रयास और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करते हुए संस्थान ने 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की है। इस उपलब्धि से संस्थान की कार्यक्षमता, तकनीकी दक्षता तथा टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के कठिन परिश्रम, अनुशासन और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।



### राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गूंजा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

▶ वंदे मातरम और जन-गण-मन का हुआ सामूहिक गायन

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को गरिमामय वातावरण के बीच राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुशासन और देशभक्ति का संगम देखने मिला। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस बल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह कार्यालयीन समय पर परिसर में सभी अधिकारी-कर्मचारी एकत्रित हुए, जहाँ सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का गायन किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) बी.एस. गोठरिया एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यालयीन स्टाफ के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। राष्ट्रगान की समाप्ति पर पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।



### समाज में समझ, सहानुभूति और स्वीकृति बढ़ाने पर जोर

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर जबलपुर चाइल्ड न्यूरो ग्रुप द्वारा प्रेम मंदिर चौक, राइट टाउन स्थित केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और व्यक्तियों के प्रति समाज में समझ, सहानुभूति और स्वीकृति बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ प्रदीप दुबे, डॉ पवन घनघोरिया, डॉ खुशबू असरानी, डॉ पायल केसवानी एवं डॉ अदिति काकोड़िया ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं बल्कि एक विशेष स्थिति है, जिसे सही समर्थन और शिक्षा के माध्यम से बेहतर बनाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने कहा कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को समय पर पहचान और उपचार मिलने से उनकी सामाजिक और संचार क्षमता में सुधार संभव है। साथ ही, ऐसे बच्चों में गणित, संगीत और कला जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रतिभाएं भी देखने को मिलती हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्तियों को अलग-थलग न समझें, बल्कि उन्हें समान अधिकार, शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करें।

# गीत-संगीत की सुरमयी रात में झूमे श्रोता

▶ गुंजन कला सदन की 'एक ही कलाकार श्रृंखला' में भजन, गजल और लोकगीतों की प्रस्तुति




**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन कला सदन द्वारा शहीद स्मारक भवन में आयोजित 'एक ही कलाकार श्रृंखला' के अंतर्गत गायक रज्जन सूर्यवंशी की संगीतमय प्रस्तुति ने देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि गीत-संगीत व्यक्ति को थकान और तनाव से मुक्त करता है तथा भारतीय संगीत की लोकप्रियता विश्वभर में बढ़ रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ सेठ बालकिशन, यमेश चौधरी, आशीष रस्तोगी और राजेश दीवान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मंगल भाव राजेश पाठक, प्रवीण बबलू मैथ्यूज, मुन्ना गुर्जर एवं धर्मपाल विश्वकर्मा ने व्यक्त किए। इस अवसर पर रज्जन सूर्यवंशी का परिचय भी प्रस्तुत किया गया। द्वितीय चरण में रज्जन सूर्यवंशी ने भजन, लोकगीत, गजल और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ. रजनीश गर्ग, विजय जायसवाल, अभय जैन, आलोक पाठक, विक्रम परवार, प्रदीप जैन, राजीव गुप्ता और सोमश सराफ ने किया।

### नए पदाधिकारियों की हुई घोषणा

कार्यक्रम में गुंजन के नए पदाधिकारियों की घोषणा सुरेश सराफ ने की, जिसमें हिमांशु तिवारी (कार्यकारी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश), सुनील श्रीवास्तव (नगर अध्यक्ष), विवेक सोनी (युवा अध्यक्ष) और श्रीमती इंदिरा पाठक तिवारी (महिला अध्यक्ष) शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रतुल श्रीवास्तव ने किया तथा आभार लायन नरेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।

**व्याख्यान** राटुविवि में भारतबोध पर प्रेरक मंथन, एकात्म भवन में गरिमामय व्याख्यान

# भारत को समझना ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : दीक्षित



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में महाकौशल विचार मंच (प्रज्ञा प्रवाह) एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतबोध' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और बौद्धिक दृष्टि का विकास करते हैं। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह-संयोजक विनय दीक्षित ने 'भारतबोध' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत को जानना, समझना और उसके मूल्यों को आत्मसात करना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए बताया कि धर्म का वास्तविक अर्थ 'धारण करना' और 'कर्तव्य का निर्वहन' है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत संयोजक एड. राकेश सिंह, प्रो. राकेश बाजपेयी, डॉ. अश्वनी जायसवाल, डॉ. आशा रानी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. धीरेंद्र मौर्य, डॉ. रिंकेश भट्ट एवं कामता प्रसाद मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। विद्यार्थियों में शालिनी सिंह, दीपांश गुप्ता, साक्षी सहवाल, कन्हैया चौकसे, संतोष सेंगर, खुशी पटेल, पल्लवी यादव, मानस श्रीवास्तव, अनीशा प्रजापति, श्रृष्टि रजक, हिमांशु एवं वरद राय की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

### 'सत्यम, शिवम्, सुंदरम' की अवधारणा प्रस्तुत

अपने उद्बोधन में उन्होंने 'सत्यम, शिवम्, सुंदरम्' की अवधारणा को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद करते हुए निर्णय और समय के महत्व के बीच सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट किया। उनका संबोधन ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ गहन चिंतन को प्रेरित करने वाला रहा। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन डॉ. निखिल चौरसिया ने कुशलतापूर्वक किया।



### क्षेत्रीय आयुक्त सहरावत को दी विदाई

▶ भविष्य निधि मुख्यालय, नई दिल्ली में मिली नई जिम्मेदारी

**नवभारत,जबलपुर।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। राकेश सहरावत का स्थानांतरण भविष्य निधि संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली में होने पर कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।, राकेश सहरावत ने कहा कि सभी के सहयोग एवं कार्य क्षमता ने हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने और हमारे समस्त हितधारकों विशेषकर अंशदाताओं/ सदस्यों की अपेक्षाओं से कहीं अधिक बेहतर परिणाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपेक्षा कि की भविष्य में भी सभी के प्रयासों से कार्यालय निरंतर प्रगति करेगा। समारोह के दौरान क्षेत्रीय आयुक्त।।, परितोष कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने राकेश सहरावत को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभी अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। कार्यकम का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा।